तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रतनाराम बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ़)** सू.अ. अपील संख्या 151/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/11/2024	अपीलार्थी रतनाराम निवासी ग्राम रडौद तहसील भोपालगढ, जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 08.08.2024 को भवानी सिंह–अनिल का जाति प्रमाण पत्र संख्या 210409341939, 210408350054 से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ़) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ़) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ़) ने जरिये पत्रांक 2239 दिनांक 18.11.2024 से बतलाया कि कार्यालय के पत्रांक 117 दिनांक 06.09.2024 द्वार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवा दी गयी तथा प्रकरण में प्रार्थी द्वारा जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ लगाये गये सम्पूर्ण दस्तावेजों की सत्यापित प्रतिलिपि चाही गयी, ई–मित्र पोर्टल पर ऑनलाईन प्राप्त आवेदनपत्र व जाति प्रमाण पत्र की सत्पापित प्रतिलिपि व सम्पूर्ण दस्तावेजों की फोटोप्रतिलिपि प्रार्थी को उपलब्ध करवा दी गई है। ई–मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्र के साथ लगाये गये दस्तावेज यथा जनाधार कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड इत्यादि दस्तावेजों की मूल प्रति कार्यालय में उपलब्ध नही होने से प्रमाणीकरण नही किया जा सकता है। प्रार्थी द्वारा दिनांक 05,11,2024 को कार्यालय प्रस्तुत होकर प्रथम अपील आवेदन के क्रम में चाही गई सूचना में के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ को ही प्रमाणित किया जाना तथा पूर्ण सूचना को प्रमाणित नही किया जाना बताया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी स्तर से पूर्ण रूप से परीक्षण न कर आंशिक प्रमाणित सूचना उपलब्ध कराई गई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ़) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय रिकार्ड का परीक्षण कर नियमानुसार प्रमाणित सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नही दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाये। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.11.2[illegible] [illegible]1:11:29 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12007608